# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2015 (प्रथम प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।
  1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
  2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
  3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
  4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
  5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक या दो पंक्तियों में लिखिए-** **(15 x 3 = 45)**

(A) इरैस्मस
(B) बास्तील
(C) ऋग्वेद
(D) मोहनजोदड़ो का वृहत् स्नानागार
(E) कालिदास
(F) हल्दीघाटी का युद्ध
(G) अफजल खाँ घटना
(H) गोपाल कृष्ण गोखले
(I) मुस्लिम लीग
(J) दांडी मार्च
(K) एनी बेसेण्ट
(L) क्रिप्स मिशन
(M) पूना पैक्ट
(N) हैदर अली
(O) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में लिखिए-** **(10 x 6 = 60)**

(A) राष्ट्र संघ की असफलता के कारणों का वर्णन कीजिए।
(B) बौद्ध धर्म के संरक्षक के रूप में कनिष्क का मूल्यांकन कीजिए।
(C) एक विद्वान के रूप में हर्ष पर एक टिप्पणी लिखिए।
(D) खजुराहों के मंदिरों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
(E) हुमायूँ की असफलता के कारणों का वर्णन कीजिए।
(F) नादिरशाह के आक्रमण और उसके प्रभावों पर प्रकाश डालिए।
(G) पानीपत के तृतीय युद्ध के परिणामों का वर्णन कीजिए।
(H) कर्नाटक युद्ध किनके बीच हुए? इनका क्या परिणाम हुआ?
(I) अष्ट प्रधान पर एक टिप्पणी लिखिए।
(J) उन कारकों का वर्णन कीजिए जिन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद के उत्थान में सहायता की।
(K) सूरत की फूट पर एक टिप्पणी लिखिए।
(L) गांधी-इरविन समझौता का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
(M) लॉर्ड बेलेजली की सहायक संधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
(N) स्वामी दयानंद एवं आर्य समाज के योगदान पर प्रकाश डालिए।

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए-** **(3 x 15 = 45)**

(A) प्रथम विश्व युद्ध के कारणों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
(B) औरंगजेब की धार्मिक नीति का वर्णन कीजिए। इसके क्या परिणाम हुए?
(C) ब्रिटिश आर्थिक नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा? वर्णन कीजिए।
(D) भोज परमार की उपलब्धियों के आधार पर उसका मूल्यांकन कीजिए।
(E) रियासतों का भारतीय संघ में विलय एक कठिन समस्या थी। इसका समाधान किस प्रकार किया गया?

खण्ड-ब

**1. प्रश्न क्रमांक 01 में कुल 15 अत्यन्त लघु स्वरूप के प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर एक या दो पंक्तियों में देना होगा। सभी प्रश्न A से O तक अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। यह प्रश्न कुल 15 x 3 = 45 अंकों का है।**

**2. प्रश्न क्रमांक 02 में कुल 15 लघु स्वरूप प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों में देना है। कुल 10 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है। यह प्रश्न कुल 10 x 6 = 60 अंकों का है।**

**3. प्रश्न क्रमांक 03 में कुल पाँच प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में होना चाहिए। कुल 03 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। इस प्रकार यह प्रश्न कुल 3 x 15 = 45 अंकों का है।**

1. (A) कर्क रेखा भारत के किन राज्यों से होकर गुजरती है?
   (B) भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी का नाम तथा उसकी ऊँचाई बताइए, जो नेपाल-सिक्किम सीमा पर स्थित है।
   (C) पश्चिमी तटीय मैदान के उपविभाग बताइये।
   (D) ग्रेट बैरियर प्रवाल भित्ति कहाँ पर स्थित है?
   (E) संयुक्त राज्य अमेरिका में डेट्राइट किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है?
   (F) किस गैस को ग्रीन हाउस गैस कहते हैं?
   (G) मध्य प्रदेश की दो नदियों के नाम बताइए, जो दरार घाटी से बहती हैं और एस्चुअरी बनाती हैं?
   (H) नर्मदा नदी जबलपुर के निकट कौन-सा जलप्रपात बनाती है?
   (I) ग्रांड कैनियन किस नदी पर स्थित है?
   (J) देश का प्रथम परमाणु विद्युत ताप गृह कहाँ स्थित है और कब उत्पादन प्रारंभ हुआ?
   (K) मध्य प्रदेश के उन जिलों के नाम बताइए, जो सर्वाधिक बीहड़ प्रभावित भूमि रखते है।
   (L) भूअभिनति को परिभाषित कीजिए।
   (M) प्राकृतिक आपदाओं को परिभाषित कीजिए तथा उदाहरण भी दीजिए।
   (N) अश्व अक्षांश से आप क्या समझते हैं? स्थिति बताइए।
   (O) मध्य प्रदेश किस सबसे कीमती खनिज के लिए प्रसिद्ध है?

2. (A) वायुमण्डल की संरचना बताइये।
   (B) महासागरीय निक्षेपों का स्रोत के आधार पर वर्गीकरण कीजिए।
   (C) भारत में मिट्टियों के प्रकार व उनका वितरण बताइये।
   (D) भारत के उत्तर के विशाल मैदान का प्रादेशिक विभाजन कीजिए।
   (E) भारत के प्रमुख गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोतों का उल्लेख कीजिए।
   (F) चम्बल नदी की प्रवाह प्रणाली का भौगोलिक विवरण दीजिए।
   (G) भारत के जूट उद्योग की विशेषतायें बताइए।
   (H) भारत में बागवानी फसलों में फलों का महत्व बताइए तथा प्रमुख फल उत्पादक क्षेत्र बताइए।
   (I) मध्य प्रदेश के ताँबा उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।
   (J) मध्य प्रदेश की प्रमुख जनजातियों का प्रादेशिक वितरण दीजिए।
   (K) स्वातंत्र्योत्तर भारत के सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित लौह-इस्पात के चार संयंत्रों का विवरण दीजिए।
   (L) मध्य प्रदेश के सीमेंट उद्योग के बारे में बताइए।
   (M) अरावली की पहाड़ियों की धरातलीय दशा का वर्णन करिए।
   (N) मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से महत्व बताइए।
   (O) मध्य प्रदेश भारत के दाल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है। अपने विचार रखिए।

3. (A) मालवा पठारी प्रदेश का आर्थिक महत्व बताइए।
   (B) भारत में खनिज तेल (पेट्रोल) उत्पादन क्षेत्रों का विवरण दीजिए।
   (C) भारत के जलयान निर्माण उद्योग की समीक्षा कीजिए।
   (D) तवा घाटी परियोजना का मूल्यांकन जल प्रबंधन की दृष्टि से कीजिए।
   (E) मध्य प्रदेश के मैंगनीज उत्पादन क्षेत्रों का वर्णन करिए तथा उसका उपयोग भी बताइए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

# सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2015 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

समय : 3 घंटे

पूर्णांक : 300
(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में दीजिए-** (15 x 3 = 45)

(A) भारत की संविधान सभा के लिए निर्वाचन कब हुए? उसकी प्रथम बैठक किस तिथि को हुई? भारतीय संविधान सभा के स्थाई अध्यक्ष कौन थे?

(B) वर्तमान में भारतीय संविधान के तहत भारतीय नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों का वर्णन करें।

(C) भारतीय संविधान में ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं आयरलैण्ड से कौन-से प्रमुख तत्व सम्मिलित किए गए हैं?

(D) भारत की लोक सभा के अध्यक्ष का निर्वाचन किनके द्वारा होता है? वर्तमान लोक सभा अध्यक्ष का नाम लिखिए?

(E) भारत के उप-राष्ट्रपति का निर्वाचन किस प्रकार होता है? वह संसद के किस सदन का सभापति होता है? उस सदन का नाम लिखिए।

(F) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किसके द्वारा किया जाता है? कौन उसके सदस्य होते हैं?

(G) 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1993 की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं?

(H) जनहित याचिकाओं का क्या उद्देश्य होता है?

(I) केंद्रीय सूचना आयोग की स्थापना कैसे की जाती है?

(J) भारतीय संविधान के अन्तर्गत केंद्र एवं राज्यों के मध्य शक्तियों के विभाजन का क्या आधार है?

(K) भारतवर्ष में सर्वप्रथम किस अधिनियम के अधीन तथा किस वर्ष में लोक सेवा आयोग की स्थापना की गई थी?

(L) वयस्क मताधिकार से आप क्या समझते है?

(M) भारत वर्ष में नागरिक सेवकों के लिए शीर्षस्थ प्रशिक्षण संस्थान कहाँ स्थापित है? तथा उसका नाम क्या है?

(N) भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति कौन करता है? वह देश के किन न्यायालयों में और किसके पक्ष में उपस्थित होता है?

(O) विकेंद्रीकरण से क्या तात्पर्य है?

**2. किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।** (10 x 6 = 60)

(A) भारतीय संविधान के 42वें संशोधन के बाद की प्रस्तावना लिखिए।

(B) भारतीय संविधान में निहित स्वतंत्रता के अधिकार के तहत दी गई छः स्वतंत्रताओं का उल्लेख कीजिए।

(C) सूचना का अधिकार नियम 1905 की विशेषताओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

(D) समुदाय आधारित संगठनों से आप क्या समझते हैं?

(E) जन भागीदारी लोकतांत्रिक शासन की यथार्थता का मूल तत्व है। समझाइए।

(F) किन परिस्थितियों में राष्ट्रपति का पद रिक्त माना जाता है?

(G) नागरिकों के मूल अधिकारों के हनन के मामलों में इनके प्रवर्तन हेतु न्यायालय कितने प्रकार के लेख जारी करते हैं?

(H) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रमुख उद्देश्यों को बताइए।

(I) राज्यपालों की स्वविवेकी शक्तियों का वर्णन कीजिए।

(J) भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे? उस समिति के सदस्यों के नाम भी लिखिए।

(K) लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के कार्यों का उल्लेख कीजिए।

(L) निर्वाचन सुधार हेतु मान्य किए गए कुछ प्रमुख सुझावों को अंकित कीजिए।

(M) न्यायिक सक्रियता से आप क्या समझते हैं?

(N) किस अधिनियम के अन्तर्गत मध्य प्रदेश शासन द्वारा लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी दी गई है? उसकी मुख्य विशेताएं क्या हैं?

(O) गैर-सरकारी संगठन किसे कहते है?

**3. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है।** **(3 x 15 = 45)**

(A) भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

**अथवा**

संघ लोक सेवा आयोग के कार्यों का उल्लेख कीजिए तथा आयोग के सदस्यों को स्वतंत्रता की सुरक्षा हेतु कौन-कौन से संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं।

(B) वित्त पर संसद का नियंत्रण कैसे होता है? समझाइए।

**अथवा**

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की शक्तियों का वर्णन कीजिए।

(C) संयुक्त राष्ट्र संघ की नीतियों के क्रियान्वयन में भारत की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के उद्देश्य एवं लक्ष्यों को लिखिए।

## खण्ड-ब

1. निम्नलिखित 15 प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए- **(15 x 3 = 45)**

(A) उपचारात्मक स्वास्थ्य क्या है?

(B) चिकित्सक सहायक कौन हैं?

(C) अतिसार रोग कैसे होता हैं?

(D) चल चिकित्सा केंद्र क्या है?

(E) पूरक पोषण से क्या तात्पर्य है?

(F) जैव प्रौद्योगिकी से आप क्या समझते हैं?

(G) शिशु मृत्यु दर को परिभाषित कीजिए।

(H) मातृत्व मृत्यु दर को परिभाषित कीजिए।

(I) शिक्षा को परिभाषित कीजिए।

(J) निशक्तजन कौन हैं?

(K) व्यावसायिक शिक्षा से आप क्या समझते हैं?

(L) कुशल मानवशक्ति को परिभाषित कीजिए।

(M) एआईसीटीई क्या है?

(N) वृद्धा अवस्था पेंशन से आप क्या समझते हैं?

(O) राजकोषीय नीति को परिभाषित कीजिए।

**2. निम्नलिखित के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए-** **(10 x 6 = 60)**

(A) भारत में स्वास्थ्य के निरोधात्मक कार्यक्रम क्या है?

**अथवा**

महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम बताइये।

(B) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बुरी हालत क्यों हैं?

**अथवा**

ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की अनुपलब्धता के मुख्य कारण क्या है?

(C) कुपोषण के मुख्य कारण कौन से हैं?

**अथवा**

कुपोषण के क्या परिणाम हैं?

(D) पेनिसिलिन का आविष्कार कैसे हुआ?

**अथवा**

पोलियों की बूंदों से आप क्या समझते हैं?

(E) भारत में प्रजनन दर क्यों अधिक है?

**अथवा**

भारत में प्रजनन दर को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है?

(F) सर्व प्राथमिक शिक्षा क्या है?

**अथवा**

लड़कियों में बीच में ही शिक्षा को छोड़ देने की दर अधिक क्यों है?

(G) महिलाओं में रोजगार की प्रवृत्तियाँ कौन-कौन सी हैं?

**अथवा**

मुक्त विश्वविद्यालयों की अवधारणा क्या है?

(H) वृद्ध व्यक्तियों की मुख्य समस्यायें क्या हैं?

**अथवा**

विस्थापित व्यक्तियों की मुख्य समस्यायें क्या हैं?

(I) भारत में महालेखा परीक्षक की भूमिका की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश के महालेखाकार के क्या कार्य हैं?

(J) आईएमएफ के मुख्य उद्देश्य क्या हैं?

**अथवा**

विश्व बैंक के मुख्य प्रकार्य क्या हैं?

**3. निम्नलिखित के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए-** **(3 x 15 = 45)**

(A) मध्य प्रदेश में ग्राम्य स्वास्थ्य सेवाओं की संरचना तथा प्रकार्यों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित कार्यक्रमों की विवेचना कीजिए।

(B) संक्रामक तथा असंक्रामक बीमारियाँ क्या हैं? इनके उपचारों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की संरचना एवं प्रकार्यों की विवेचना कीजिए।

(C) शिक्षा किस तरह से मानव संसाधन विकास में सहायक है? विवेचना कीजिए।

**अथवा**

एनसीईआरटी तथा यूजीसी क्या हैं? मानव संसाधन विकास में इनकी भूमिका की विवेचना कीजिए।

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## सामान्य अध्ययन

## मुख्य परीक्षा-2015 (तृतीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 300**
**(खण्ड-अ 150 + खण्ड-ब 150)**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

- इस प्रश्न-पत्र में **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब** हैं। प्रत्येक खण्ड **150 अंक** का है। प्रत्येक खण्ड हेतु पृथक उत्तर-पुस्तिका प्रदान की गई है।

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न क्रमांक 02 तथा 03 में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 100 है तथा प्रश्न क्रमांक 03 में शब्द सीमा 300 है।
2. प्रश्नों के उत्तर में माध्यम उसी लिखे जाने चाहिए। जिसका चयन आपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें, एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें। परीक्षा में सामान्य कैलकुटलेटर ही उपयोग में लिया जा सकता है, साइन्टिफिक नहीं।
3. प्रथम प्रश्न लघु उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतरण मानक माना जायेगा।

### खण्ड-अ

**1. निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए-** **(15 x 3 = 45)**

(A) आर्गन गैस एवं उपयोग
(B) जेल-क्रोमेटोग्राफी
(C) रसेल-सॉण्डर्स कपलिंग
(D) आइसोबार्स
(E) द्विक-लवण
(F) नैनो-टेक्नोलॉजी
(G) क्लोन
(H) पौधों में पुनरुत्पादन
(I) मनुष्य में आनुवंशिक बीमारियाँ
(J) सोलर सेल
(K) नेबुले
(L) फ्यूज
(M) अल्ट्रासोनोग्राफी
(N) 4-जी (चतुर्थ जनरेशन)
(O) भार

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए-** **(10 x 6 = 60)**

(A) बौद्धिक संपत्ति अधिकार क्या है?
(B) प्रकाश उत्सर्जन डायोड (लेड) को समझाइए।
(C) ई-अपव्यय प्रबंधन क्या है?
(D) अल-नीनो क्या है?
(E) बायो-मास ऊर्जा क्या है?
(F) जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग हेतु भारतीय अनुक्रिया दीजिए।
(G) जैविक तंत्र में सोडियम आयन एवं पोटैशियम आयन की भूमिका क्या है?
(H) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन एवं उसके प्रायोगिक उपयोगों की विवेचना कीजिए।
(I) प्रोकैरियोटिक तथा यूकैरियोटिक कोशिकाओं को संक्षेप में समझाइये।
(J) ओजोन परत अवक्षय (रिक्तीकरण) एवं उसके प्रभाव को समझाइये।
(K) एक कस्बे की जनसंख्या 176400 है। इसमें 5% वार्षिक दर से वृद्धि होती है। 2 वर्ष बाद कस्बे की जनसंख्या कितनी होगी?
(L) किसी धनराशि के 5% वार्षिक दर से 3 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज में अन्तर ₹ 61 का है, मूल धन ज्ञात कीजिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए-** **(15 x 3=45)**

(A) पर्यावरण संरक्षण में धारणीय विकास की भूमिका को समझाइये।

(B) सामाजिक एवं आर्थिक विकास में विज्ञान व तकनीकी के उपयोगों की विवेचना कीजिए।

(C) कार्बन के विभिन्न अपरूपों (एलोट्रॉपिक रूपों) एवं उनके उपयोग लिखिए।

(D) एक आयताकार प्लाट 13.5 मीटर लम्बा तथा 2.5 मीटर चौड़ा है। इसमें एक आयताकर टंकी (5 मीटर x 4.5 मीटर x 2.1 मीटर) खोदी गई है, इसमें से निकाली गई मिट्टी को प्लाट के शेष भाग में समान रूप में बिछाया गया है। प्लाट के धरातल की ऊँचाई में वृद्धि निकालिए।

(E) 4 आदमी तथा 6 महिलाऐं मिलकर किसी कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि 3 आदमी तथा 7 महिलाऐं मिलकर इस कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। 10 महिलाऐं इस कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगी?

**खण्ड-ब**

1. **निम्नलिखित पर एक या दो पंक्तियों में उत्तर लिखिए-** **(15 x 3 = 45)**

(A) लिंग असमानता सूचकांक
(B) असूचित अवैध आय
(C) संचय मुद्रा
(D) अग्रिम बैंक योजना
(E) शहरीकरण
(F) आयात प्रतिस्थापन
(G) किसान साख/ऋण पत्रक
(H) विनिवेश
(I) अल्प-रोजगार
(J) मानवीय विकास सूचंकाक
(K) सुरक्षित भंडार
(L) खुदरा ऋण
(M) सामाजिक न्याय
(N) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(G) वाणिज्यिक पत्र

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।** **(10 x 6=60)**

(A) अविकसित राष्ट्रों की विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

सकल घरेलू उत्पाद और शुद्ध घरेलू उत्पाद पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(B) आर्थिक विकास से आप क्या समझतें हैं? एक राष्ट्र के आर्थिक विकास में पूँजी निर्माण का उल्लेख करें।

**अथवा**

भारत में गरीबी की प्रकृति एवं कारणों का उल्लेख करें। इसके समाधान हेतु आप क्या सुझाव दे सकते हैं?

(C) भारत की नवीन आर्थिक नीति के प्रमुख तत्वों का उल्लेख करें। पिछले दस वर्षों में इसके औद्योगिक विकास पर प्रभाव का मूल्यांकन करें।

(D) मध्य प्रदेश की वृद्धि में सहकारी आंदोलन की भूमिका की विवेचना करें।

**अथवा**

मध्य प्रदेश के विकास में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में उठाए गए कदमों का उल्लेख करें।

(E) मध्य प्रदेश के आर्थिक विकास में रेल यातायात के महत्व को समझाइए।

**अथवा**

मध्य प्रदेश में टेलिकॉम क्षेत्र के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

(F) 1991 में भूमंडलीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करें। इस संदर्भ में आप और क्या सुझाव देना चाहेगें?

**अथवा**

भारत में ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या को जाँचें। इस समस्या के समाधान हेतु की गई पहलों का सर्वेक्षण संक्षिप्त रूप में करे।

(G) SGSY पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

**अथवा**

MGNREGA के विषय में आप क्या जानते हैं? ग्रामीण गरीबी की समस्या के समाधान में यह कितनी सफल हो पाई है?

(H) SEBI की कार्यप्रणाली पर संक्षिप्त टिप्पणी करें।

**अथवा**

एक देश के आर्थिक विकास में जन वित्त की भूमिका क्या है?

(I) भारत में आर्थिक पिछड़ापन और क्षेत्रीय असमानता के क्या कारण हैं? आप इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या सुझाव देंगे?

(J) उदारीकरण और निजीकरण को परिभाषित कीजिए। 1991 की नीति में इनके प्रावधानों का वर्णन करें।

**अथवा**

खुला व्यापार और सुरक्षित व्यापार क्या है? दोनों में विभेद कीजिए।

3. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखिए-** **(3 x 15=45)**

(A) समावेशी विकास क्या है? भारत में समावेशी विकास ने गरीबी को कम करने में कैसे सहायता की है?

(B) मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का क्या महत्व है? कृषि क्षेत्र में प्रत्यक्ष अर्थसाहाय्य से क्या परेशानियाँ हैं?

**अथवा**

राष्ट्रीय कौशल विकास नीति का मूल्यांकन करें। मध्य प्रदेश में इसके प्रचालन के लिए सुझाव दें।

(C) काला धन क्या है? भारत सरकार द्वारा वर्तमान में इस समस्या को हल करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**अथवा**

मध्य प्रदेश में मौजूदा पूंजी बाजार का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

GS World

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
## सामान्य अध्ययन
### मुख्य परीक्षा-2015 (चतुर्थ प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 03 प्रश्न हैं तथा सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 एवं 3 में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है। प्रश्न क्रमांक 2 में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें 15 अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर एक अथवा दो पंक्तियों में देना है। प्रश्न क्रमांक 02 में शब्द सीमा 150 है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसक पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखे तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।
7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।

**1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए। (15x3=45)**

(A) नैतिक सद्गुण से आप क्या समझते है?

(B) लोक सेवकों के लिए आचरण संहिता क्यों आवश्यक है?

(C) महात्मा गाँधी की नैतिक शिक्षा क्या है?

(D) सांवेगिक बुद्धि का शासन के संदर्भ में क्या महत्व है?

(E) महावीर स्वामी के पंच महाव्रत क्या है?

(F) स्वामी विवेकानंद के भाषण के संबंध में कौन-सा शहर प्रसिद्ध है?

(G) मानव व्यक्तित्व में मनोवृत्ति का क्या प्रकार्य है?

(H) 'व्हिसल-ब्लोअर' से आप क्या समझते हैं?

(I) लोक सेवा में अशक्त वर्गों के प्रति संवेदना की क्या आवश्यकता है?

(J) अरस्तू कौन है? उनका मुख्य दार्शनिक सिद्धान्त है

(K) श्री अरविन्द के द्वारा स्थापित दार्शनिक सिद्धान्त।

(L) उच्च मूल्यों से आप क्या समझते हैं?

(M) महात्मा गांधी की प्रसिद्ध पुस्तक का क्या नाम है?

(N) 'डीएटी' से आप क्या समझते हैं?

(O) अन्तर्राष्ट्रीय पारदर्शिता क्या है?

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में लिखिए- (15x6=90)**

(A) लोक सेवा में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता

(B) नैतिक मार्गदर्शन के रूप में अन्तरात्मा

(C) महात्मा बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग

(D) राजा राममोहन राय एक समाज सुधारक के रूप में

(E) महात्मा गांधी के अनुसार अहिंसा

(F) संविधान निर्माण में डॉ. बीआर अम्बेडकर की भूमिका

(G) पूर्वाग्रह और विभेद से आप क्या समझते हैं?

(H) लोक सेवा के प्रति समर्पण की व्याख्या कीजिए।

(I) भ्रष्टाचार से आप क्या समझते हैं?

(J) सांवेगिक बुद्धि की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(K) लोक प्रशासन में उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता की व्याख्या कीजिए।

(L) तुलसीदास के दार्शनिक विचार

(M) दयानन्द सरस्वती के सिद्धांत

(N) भ्रष्टाचार को कम करने के उपाय

(O) लोक सेवा हेतु आधारभूत योग्यताओं में निष्पक्षता क्या है?

(P) जैन दर्शन में स्याद्वाद

(Q) राममनोहर लोहिया के अनुसार समाजवाद की व्याख्या।

(R) एकात्म-मानववाद की व्याख्या।

**3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयवस्तु पर आधारित प्रकरण–** **(3 x 10 = 30)**

**(A) प्रथम प्रकरण :**

**विषय : रेत माफिया के विरूद्ध प्रशासनिक अधिकारी की कार्यवाही।**

प्रशासनिक अधिकारी 2009 बैच की आईएएस अधिकारी हैं जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द भंग करने का आरोप लगाकर निलम्बित कर दिया गया। सदर क्षेत्र, उप-प्रभागी न्यायाधीश पद पर आसीत उन्होंने एक निर्माणधीन मस्जिद का निरीक्षण किया, जिसको राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त नहीं था। इसी समय आपने रेत का अवैध कारोबार पकड़ा और निम्न कार्यवाही की–

- रेड के दौरान 81 गाड़ियाँ जब्त की।
- कार्यवाही की गोपनियता के लिए कुछ सीमित संख्या के अधिकारियों को ही सूचना दी।
- इस दौरान उन्होंने अपराधियों को उस क्षेत्र में रंगे हाथ पकड़ा।
- यह कार्यवाही असुविधाजनक समय में की गई।

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(a) यदि अपराध सिद्ध नहीं हुआ है तो क्या अधिकारी को किसी अन्य आरोप में सजा दी जानी चाहिए?

(b) क्या कार्यवाही में गोपनीयता अनुचित है?

(c) क्या अपराधियों को दण्ड देना अधिकारी का दायित्व नहीं है?

**(B) प्रकरण द्वितीय :**

**विषय : एन.टी.सी. भूमि घोटाला**

वस्त्र उद्योग के संबंध में कुछ राजनेता तथा प्रशासनिक अधिकारी समाविष्ट हैं। इस घोटाले में निजी कम्पनी को महत्त्वपूर्ण भूमि की कथित बिक्री अस्थायी कीमतों में की गई। इस घोटाले में निम्न प्रदर्शित विषय स्पष्ट हुए–

- सरकारी सम्पत्ति की बिक्री निजी कम्पनी को कम कीमत पर की गई।
- भूमि का हस्तांतरण एक चाल में अनुचित तरीके से पुनः विकास के लिए हुआ।
- अधिकारियों ने पद का दुरूपयोग करते हुए भूमि का मूल्यांकन उचित कीमत पर नहीं किया।
- सभी पर आय से अधिक सम्पत्ति का आरोप लगाया गया।

उक्त प्रकरण के संबंध में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(a) भारत में इस तरह के घोटालों के कारण क्या है?

(b) सरकारी तंत्र इन्हें नियंत्रित करने में असमर्थ क्यों है?

(c) इस तरह के घोटालों के नियंत्रण में जनता की क्या भूमिका हो सकती है?

(d) इस तरह के नुकसान को कौन भरेगा?

(f) इसके नियंत्रण में प्रसार माध्यम की क्या भूमिका हो सकती है?

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

# सामान्य हिन्दी

## मुख्य परीक्षा-2015 (पाँचवां प्रश्न-पत्र)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न है।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं।
4. प्रश्न क्रमांक 1 में कोई विकल्प नहीं है। शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है।
5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें।
6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें।

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।**

**1. इन लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में (एक या दो पंक्तियों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 03 अंकों का है।** **(20x3=60)**

(A) राजभाषा अधिनियम 1976 के तहत् निर्मित नियमों का उल्लेख कीजिए।

(B) हिन्दी के राजभाषा के रूप में संवैधानिक मान्यता कब प्राप्त हुई।

(C) राजभाषा परिनियमावली के अनुसार 'क' क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले किन्हीं तीन राज्यों के नाम लिखिए।

(D) संसदीय राजभाषा समिति का गठन कब और क्यों हुआ? इसमें कुल कितने सदस्य थे?

(E) राजस्थानी, मराठी और नेपाली भाषाओं की लिपि बताइये।

(F) भक्तिकालीन साहित्य में हिन्दी की किन बोलियों का अधिकाधिक प्रयोग किया गया है?

(G) हिन्दी में विराम-चिह्नों के प्रयोग पर प्रकाश डालिए।

(H) हिन्दी के प्रथम समाचार-पत्र तथा उसके सम्पादक का नाम उसके प्रकाशन वर्ष के साथ बताइये।

(I) हिन्दी के पर्यायवाची शब्द को परिभाषित कीजिए।

(J) हिन्दी के विकास में दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा मद्रास (चेन्नई) के उद्देश्यों को लिखिए।

(K) तत्सम और तद्भव शब्दों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(L) देवनागरी लिपि की किन्हीं तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(M) हिन्दी में प्रयुक्त योजक, प्रश्नवाचक एवं विस्मयादीबोधक चिन्हों को दर्शाइए।

(N) स्रोत भाषा का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(O) भारत में पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कब और कहाँ सम्पन्न हुआ?

(P) टिप्पणी लेखन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(Q) परिपत्र किसे कहते हैं?

(R) संधि और समास में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(S) भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त किन्हीं तीन भाषाओं का नाम बताइये।

(T) 'संक्षेपण' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

**2. निम्नलिखित गद्यावतरण का हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद कीजिए-** **(20)**

राष्ट्रीय चेतना का प्रवाह अविराम गति से बहता रहता है। जिस प्रकार हिमालय से निकलने वाली गंगा अनेक मार्ग और रूप ग्रहण करती है तथा भारत के लोगों की आध्यात्मिक और शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करती है, उसी प्रकार हिमालय के कन्दराओं में रहने वाले मनीषियों के विचार, उनके देशवासियों को अनेक रूपों में ऐक्य का संदेश देने वाले प्रेरणास्त्रोंत रहे हैं। गंगा एक है, किन्तु उसके नाम अनेक हैं। चाहे उसे हम मंदाकिनी कहें या भागीरथी अथवा किसी अन्य नाम से पुकारें, वह है एक ही। उसका पवित्र जल लोगों में तृप्ति प्रदान करने वाली संजीवनी है। गंगा देश के सभी स्थानों, समस्त वर्गों, जातियों, गाँवों और शहरों के निवासियों का माँ के समान पालन-पोषण करती है। अपनी जन्मभूमि के प्रति भी यही मातृत्व-भावना भारतीयों की राष्ट्रीय चेतना का मूल आधार है।

**अथवा**

जिज्ञासा मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है और आनन्द प्राप्ति उसकी स्वाभाविक कामना। घोर से घोर भौति. कवादी मनुष्य में भी ये दोनों प्रवृत्तियाँ स्वाभाविक और जन्मजात हैं। उनका संतोषजनक शमन न होने पर मनुष्य में एक ओर तो अनास्था उत्पन्न होती है और दूसरी ओर भय, निराशा और अवसाद। यह मानव की विकृत अवस्था कही जा सकती है। सामान्य रूप से आज का मानव, अधिक अतृप्त, अधिक उद्विग्न और अधिक दुखी है। इस विकृति से अनेक मानसिक और शारीरिक रोग उत्पन्न होते हैं। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाए तो आज के स्नायु व्यक्तिक्रम का मूल कारण यह विकृति ही प्रतीत होती है। इस विकृति का निदान और उपचार दोनों ही कठिन हैं। इस प्रकार मानव का मानवत्व उसके दानवत्व से आच्छादित हो गया है और विडम्बना तो यह है कि अपने बाह्य परितोष के लिए नैतिक और मानवीय मूल्यों की परिभाषा को ही बदलने में जुटा हुआ है।

**3. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यावतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (15)**

Malviaji was known in India and abroad as a silver tongued orator. He had a grand command over Hindi, Sanskri, Urdu and English. He could speak in all these languages with ease, fluency, effectiveness pronuciation, proper intonation and chaste enunciation. It was a pleasure to listen him in any one of the above languages. He possessed the mathchless quality of moving his audience to tears or mirth in the twinkling of an eye.

**अथवा/OR**

In recent years there is increasing concern about our environment. The focus of discussion in our country has been on denudation of forests. which has led to adverse climate changes, soil erosion, shortage of fuel wood and loss of valuable forest wealth. It is also well-known that many tribal communities depend largely on forests for their livelihood. The impact of polices aimed at encouraging social forestry needs to be measured. Perhaps one could draw inspiration from the discipline of demography in devising methods of obtaining data on wealth represented by trees.

**4. निम्नलिखित गद्यावतरण का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए तथा रेंखांकित पंक्तियों का भाव-पल्लवन अपने शब्दों में कीजिए- (10+5=15)**

प्रकृति अपने अनन्त रूपों में हमारे सामने आती है- कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में, कहीं रूखे, बेडौल या कर्कश रूप में, कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में, और कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है। उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिर साहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रफुल्ल प्रसून प्रसाद के सौरभ संचार, मकरन्द लोलुप मधुकर के गुंजार, कोकिल कूजित निंकुज और शीतल सुखस्पर्श समीर की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोगलिप्सु हैं। इसी प्रकार जो केवल मुक्ताभ. ाास हिम-बिन्दु मण्डित मरकताभ शाकदलजाल, अत्यन्त विशाल गिरिशिखर से गिरते जल-प्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकर निहारिका के बीच विविध वर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं, वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक सा सहृदय नहीं। प्रकृति को साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं। पिछले खेमें के कवियों ने मुक्तक रचना में तो अधिकतर प्राकृतिक वस्तुओं का अलग-अलग उल्लेख केवल उद्दीपन की दृष्टि से किया है। प्रबंध रचना में थोड़ा बहुत संश्लिष्ट चित्रण किया है वह प्रकृति की विशेष रूप विभूति को लेकर ही।

**अथवा**

साहित्य मुर्दो को जीवित बनाने वाली संजीवनी औषधि की खान है। जिस प्रकार संजीवनी औषधि मुर्दो को जीवित बना देती है, उसी प्रकार यह साहित्य अपनी प्रेरणा एवं संजीवनी शक्ति द्वारा मृत्त जातियों एवं राष्ट्रों में जीवन का संचार कर देता है। साहित्य में इतनी शक्ति है कि वह पतनोन्मुख जातियों एवं राष्ट्रों को उठा देता है और उठे हुए लोगों के मस्तक को गौरव से ऊँचा कर देता है। जो राष्ट्र या जाति ऐसे साहित्य की अभिवृद्धि के लिए प्रयत्न नहीं करती है, वह अज्ञानरूपी अंधकार के गड्ढे में गिरकर अपनी सत्ता समाप्त कर देती है। इसलिए साहित्य-सर्जन की क्षमता रखते हुए भी जो मनुष्य इतने महत्त्वपूर्ण साहित्य की सेवा नहीं करता, जो मनुष्य इतने महत्त्वपूर्ण साहित्य की अभिवृद्धि का प्रयत्न नहीं करता, इतने महत्त्वपूर्ण साहित्य से प्रेम नहीं रखता, वह अप्रत्यक्ष रूप में अपने देश, अपनी जाति, अपने समाज से ही द्रोह नहीं करता, बल्कि अपने से भी द्रोह करता है। वह व्यक्ति केवल आत्मद्रोही नहीं, बल्कि वह अपने सर्वनाश का कर्त्ता भी कहा जा सकता है। इसलिए आत्मघात बनने से बचने के लिए हमें अपनी शक्ति के अनुसार सद्साहित्य की वृद्धि करनी चाहिए।

5. परिपत्र एवं अनुस्मारक का अन्तर स्पष्ट करते हुए दोनों के एक-एक प्रस्तुत कीजिए। (15)

**अथवा**

शासकीय एवं अर्धशासकीय पत्र के भाषागत वैशिष्टयों का उल्लेख करते हुए दोनों के एक-एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

**6. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं पाँच के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए- ( 15 )**

(a) Amendment
(b) Beneficiary
(c) De facto
(d) Development Oriented
(e) Extravagance
(f) Insolvency
(g) Persual
(h) Authentic
(i) Mutability
(j) Survivor

**अथवा**

**निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पाँच के अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द लिखिए।**

(A) अनुमोदन
(B) अधीनस्थ
(C) प्रलेख
(D) मसौदा
(E) व्यय खर्च
(F) प्रक्षेपण
(G) विश्वस्त सूत्र
(H) परावर्तन
(I) क्षतिपूर्ति
(J) विलेख

**7. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (5 x 3 = 45)**

(A) आठ-आठ आँसू रोना
(B) घड़ों पानी पड़ जाना
(C) चाँद पर थूकना
(D) जमीन पर पैर न पड़ना
(E) पौ बारह होना
(F) आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास
(G) कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमती ने कुनबा जोड़ा।
(H) छप्पर पर फूस नहीं, डयोढ़ी पर नाच।
(I) तसलवा तोर कि मोर
(J) मेढकी को जुकाम होना

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए- (5 x 3 = 15)**

(A) 'चन्द्र + उदय' की संधि कीजिए।

(B) 'धनुष्टंकार' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

(C) 'नीलकंठ' शब्द में कौन-सा समास है?

(D) 'बारहमासा' में कौन-सा समास है?

(E) 'आविर्भाव' का विलोम शब्द बताइये।

(G) 'कर्पट' तथा 'चतुष्काठ' तत्सम शब्दों के तद्भव शब्द बताइये।

(H) 'ठाँव' तथा 'पहचान' तद्भव शब्दों के तत्सम शब्द बताइये।

(I) 'पाणि', 'भागिनी' तथा 'कालकूट' के दो-दो पर्यायवाची शब्द बताइये।

(J) 'लाघव विराम' के चिह्न का प्रयोग क्यों करते हैं? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।

(K) 'अंजर-पंजर' किस प्रकार का शब्द है?

9. **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5 x 3 = 15)**

''नाटककारों में कालिदास का नाम सर्वप्रथम आता है। उनका अंतिम नाटक अभिज्ञान-शाकुंतल, जिसकी कथा महाभारत से ली गई है, संस्कृत साहित्य की सर्वोत्कृष्ट रचना मानी जा सकती है। इसे कालिदास की अनुपम उपलब्धि कही जाए तो इसमें अतिशयोक्ति नहीं होगी। विश्व साहित्य में इस नाटक को जो स्थान प्राप्त है वह अब तक किसी भारतीय रचनाकार की पहुँच से परे है। इस नाटक में कालिदास ने भारतीय जीवन के विभिन्न पक्षों का आदर्श रूप चित्रित किया है। उन्होंने श्रृंगार रस के सुरूचिपूर्ण प्रवाह को काव्य जगत की गौरवशालिनी मर्यादा के भीतर रखकर लोकोत्तर आनन्द की सृष्टि की हैं''

(A) ऊपर के गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(B) संस्कृत साहित्य में किस नाटककार का नाम सबसे पहले आता है?

(C) कालिदास के अंतिम नाटक का नाम बताइये।

(D) 'अभिज्ञान-शांकुतल' की कथा किस भारतीय महाकाव्य से ली गई है?

(F) 'अभिज्ञान-शाकुंतल' की विशेषता बताइये।

**अथवा**

''पुस्तकालय सभ्यता के विकास का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसी के परिप्रेक्ष्य में भारत अपने अतीत पर गर्व कर सकता है। भारत के संदर्भ में पुस्तकालय कोई नई चीज नहीं है। लिपि के आविष्कार से लेकर आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। मुद्रणकला के आविष्कार से पहले पुस्तकों का संग्रह करना आसान नहीं था। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक पुस्तक को तैयार करने में लग जाया करती थी। इसके बावजूद भारत के पुस्तकालय अपने पुस्तक संग्रह के लिए विश्वविख्यात थे। वही कारण है कि चीन, फारस जैसे सुदूरवर्ती देशों से झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राऐं करके भारत आया करते थे।''

(A) ऊपर के गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(B) किसी भी सभ्यता के विकास का प्रत्यक्ष प्रमाण क्या है?

(C) मुद्रणकला के आविष्कार से पहले पुस्तकों का संग्रह अत्यंत कठिन क्यों था?

(D) पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?

(E) भारत में पुस्तकों का संग्रह कब से होता रहा है?

10. **वर्ष 2015 में वैश्विक स्तर पर सम्पन्न हुए किसी एक शिखर सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। ( 15 )**

* * *

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
# निबंध लेखन
## मुख्य परीक्षा-2015 ( छठा प्रश्न-पत्र )

**समय : 2 घंटे** **पूर्णांक : 100**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।
3. सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है, उसका अवश्य पालन करें।
5. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।

**निर्देश : यह प्रश्न-पत्र केवल निबंध का होगा। प्रश्न-पत्र कुल 100 अंको का होगा। प्रथम निबंध 50 अंकों का होगा। द्वितीय एवं तृतीय निबंध 25-25 अंको के होंगे। निबंधों में आंतरिक विकल्प होंगे।**

**1. प्रथम निबंध** **( 50 )**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 1000 (एक हजार) शब्दों में निबंध लिखिए।

(अ) लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका
(ब) भारत में प्राकृतिक आपदायें : कारण और निवारण
(स) हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य
(द) परहित सरिस धर्म नहिं भाई

**2. द्वितीय निबंध** **( 25 )**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 (दो सौ पचास) शब्दों में निबंध लिखिए।

(अ) भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता
(ब) बेरोजगारी की समस्या : कारण एवं निवारण
(स) पर्यावरण की समस्या : कारण एवं निवारण
(द) स्वस्थ रहने के विविध माध्यम

**3. तृतीय निबंध** **( 25 )**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 250 (दो सौ पचास) शब्दों में निबंध लिखिए।

(अ) भारत के प्रमुख पर्यटन स्थल
(ब) विज्ञान की अधुनातन उपलब्धियाँ
(स) स्वच्छ भारत अभियान
(द) भारतीय नारी : तब और अब